भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 648
उत्तर देने की तारीख 08.02.2024

एमजीएमडी कार्यक्रम की स्थिति

648. श्री पबित्र मार्गेरिटा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेरा गांव, मेरी धरोहर (एमजीएमडी) कार्यक्रम की स्थिति क्या है;

(ख) इस कार्यक्रम के उद्देश्य और अपेक्षाएं क्या हैं; और

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र संस्कृति केंद्र के तहत क्या कार्यकलाप किए गए हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(जी. किशन रेड्डी)

(क): संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के तहत 'मेरा गांव मेरी धरोहर' (एमजीएमडी) परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य एक व्यापक वर्चुअल मंच पर 29 राज्यों और 7 संघ राज्य क्षेत्रों में व्याप्त भारत के 6.5 लाख गांवों का सांस्कृतिक मानचित्रण करना है।

एनएमसीएम ने लगभग 4.2 लाख गांवों के डाटा का प्रलेखन किया है और mgmd.gov.in वेब पोर्टल पर अपलोड किया है। वेब पोर्टल में 750 गांवों के संबंध में लघु वीडियो भी शामिल हैं जिनमें संबंधित गांवों के सांस्कृतिक पहलुओं को उजागर किया गया है।

(ख): उद्देश्य और अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं;

उद्देश्य :

- ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को पुन: सक्रिय और पुनरुत्थान करने हेतु भारत की सांस्कृतिक धरोहर और इसके सृजनात्मक क्षमता की पहचान और प्रलेखन करना, जिसके फलस्वरूप भारत के गांव आत्मनिर्भर बन जाएंगे।
- सांस्कृतिक विरासत के सामर्थ्य तथा और विकास और सांस्कृतिक पहचान के साथ इसके इंटरफेस के बारे में जागरूकता का सृजन करना।
- 6.5 लाख गांवों का उनके भौगोलिक, जनसांख्यिकीय प्रोफाइल और रचनात्मक पूंजी सहित सांस्कृतिक मानचित्रण।
- कलाकारों और कला रूपों के संबंध में राष्ट्रीय पंजिका तैयार करना।
- राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्य स्थल (एनसीडब्ल्यूपी) के रूप में कार्य करने के लिए एक वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का विकास करना।

अपेक्षाएं/परिणाम

- जागरूकता अभियानों के माध्यम से सांस्कृतिक जीवंतता का प्रसार
- सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं की संरक्षा
- विलुप्त प्राय कला रूपों और पद्धतियों को पुनर्जीवित करना
- कलारूपों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना। भारत सरकार की वर्तमान स्कीमों, अनुदानों, पेंशन, स्वास्थ्य कार्ड और अन्य कल्याणकारी स्कीमों से कलाकारों को अवगत कराना।
- कलाकारों को ई-कॉमर्स से संबद्ध करना ताकि कलाकार/प्रस्तुतिकर्ता प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त कर सकें।

(ग): उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनईजेडसीसी) ने विगत दो वर्षों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं जैसे कि अंतरराष्ट्रीय दिवस समारोह, आरडी बर्मन जयंती, तिरोत सिंह के संबंध में स्मरणोत्सव कार्यक्रम, ऑनलाइन कार्यशालाएं, वर्चुअल सामुदायिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पर कार्यशालाएं, स्वतंत्रता दिवस समारोह, फैंसी ड्रेस, देशभक्ति गीत और लोक गीत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, सम्मेलन, शास्त्रीय नृत्य कार्यशालाएं, राष्ट्रीय लोक नृत्य उत्सव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती, महिलाओं के लिए बुनाई से संबंधित कार्यकलाप, सीमा क्षेत्र कार्यक्रम, गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि, रंगोली प्रतियोगिताएं, भारत को जानो कार्यक्रम, संस्कृति मिलन उत्सव, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, रवीन्द्र नाथ टैगोर जयंती, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सेंट्रल विस्टा उद्घाटन कार्यक्रम आदि।

****